अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली
AMBEDKAR UNIVERSITY DELHI
Lothian Road, Kashmere Gate, Delhi-110006

विज्ञापन संख्या 01/Library/2017

01.11.2017

पुस्तकालय प्रशिक्षुओं के लिए आवेदन : बिना नियोजित भेंट के साक्षात्कार

अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) डॉ बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय अधिनियम, 2007 के अंतर्गत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय है। एयूडी पुस्तकालय प्रशिक्षुओं की सेवाओं के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों को बिना नियोजित भेंट के साक्षात्कार हेतू 13/11/2017 को 10.00 बजे विश्वविद्यालय लाइब्रेरियन के कार्यालय, अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, लोथियन रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली में आमंत्रित करता है। प्रशिक्षण की अवधि केवल छह महीने के लिए होगी, जिसके दौरान प्रशिक्षु को रु. 11,000/- की मासिक वृत्ति दी जाएगी। उम्मीदवार की आयु सीमा 01/11/2017 को 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

जिन उम्मीदवारों ने पिछले दो वर्षों के दौरान पुस्तकालय तथा सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री कम से कम 50% अंक के साथ उत्तीर्ण की है और कंप्यूटर सम्बंधित ज्ञान रखते हैं, वॉक-इन-साक्षात्कार में भाग लेने के पात्र हैं।

जो उम्मीदवार उपरोक्त मानदंडों को पूरा करते हैं, उन्हें निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, शिक्षा योग्यता प्रमाण पत्रों (कक्षा 10 के बाद) तथा फोटो आईडी प्रमाण (सरकार द्वारा जारी किए गए मतदाता पहचान पत्र / ड्राइविंग लाइसेंस / आधार कार्ड आदि) के साथ साक्षात्कार में उपस्थित होना होगा। अयोग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए कृपया एयूडी की वेबसाइट www.aud.ac.in देखें।

पुस्तकालयाध्यक्ष